भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1298
दिनांक 01.08.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

डिब्रूगढ़ के नामरूप में मेथनॉल संयंत्र

1298. श्री बीरेन्द्र प्रसाद बैश्य:

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) डिब्रूगढ़ के नामरूप में मेथनॉल संयंत्र की प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इस परियोजना से युवा पीढ़ी के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे; और

(ग) इस संयंत्र में उत्पादन कब तक शुरू किया जाएगा?

उत्तर

रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री

(श्री भगवंत खुबा)

(क) से (ग): असम पेट्रो-केमिकल्स लिमिटेड (एपीएल) द्वारा मेथनॉल संयंत्र परियोजना को सफलतापूर्वक चालू कर दिया है और 8 अप्रैल, 2023 से उत्पादन शुरू हो गया है। संयंत्र से युवा पीढ़ी के लिए रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं।

****